भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †46
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

परिस्थितिकी-पर्यटन

†46. **श्री दुष्यंत सिंह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार संभावित आगंतुकों और स्थानीय समुदायों के बीच परिस्थितिकी-पर्यटन की सफलता के लिए इसके प्रति जागरूकता और प्रशंसा बढ़ा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा पारिस्थितिकी पर्यटन और साहसिक पर्यटन के लिए टूर ऑपरेटरों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए योजना तैयार की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना के अंतर्गत अब तक कितने मार्गदर्शकों/प्रकृतिवादियों को प्रमाणित किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के ज़रिए समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के भाग के रूप में ईको पर्यटन सहित भारत के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन किया जाता है।

ईको पर्यटन और एडवेंचर पर्यटन हेतु भारत को पसंदीदा वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने ईको पर्यटन तथा एडवेंचर पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीतियाँ तैयार की हैं।

ईको-पर्यटन, इस मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु विभिन्न थीमों में से एक है। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आवंटित निधियों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री दुष्यंत सिंह द्वारा परिस्थितिकी-पर्यटन के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †46 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

देश में स्वदेश दर्शन योजना की ईको परिपथ थीम के तहत आवंटित निधियों का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1.	उत्तराखंड	2015-16	टिहरी झील और आसपास के क्षेत्र के नए गंतव्य -जिला टिहरी के रूप में विकास के लिए इको-टूरिज्म, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास	69.17	69.17
2.	तेलंगाना	2015-16	महबूबनगर जिले (सोमसिला, सिंगोतम, कदलइवनम, अक्कमहादेवी इगलपंता, फराहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलतीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62	91.25
3.	केरल	2015-16	पत्तनमतिट्टा-गवी-वागामोन-तेक्कडी का विकास	64.08	64.08
4.	मिजोरम	2016-17	आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइट्टुइतलांग - मुथी - बेराटलांग -तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	53.09
5.	मध्य प्रदेश	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	93.76	93.59
6.	झारखंड	2018-19	इको पर्यटन परिपथ: दलमा-बेतला नेशनल पार्क- मिरचैया- नेतरहाट का विकास	30.44	28.04
			कुल	**415.44**	**399.22**

****